हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 20 जुलाई 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 नवनिर्मित पुल पर जानलेवा गड्ढे



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर


# तम्बाकू के उपयोग से अब असामान्य रूप से कमजोर होकर टूट रही जबड़े की हड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान सामने आया चौकाने वाला मामला, जांच में मिले कई ऐसे केस

तम्बाकू और इससे बने उत्पादों का उपयोग कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को न्योता तो देता ही है लेकिन अब तम्बाकू, गुटका खाने वाले लोगों के जबड़े की हड्डियां कगमजोर हो रही है। सरगुजा में इन दिनों जबड़े की हड्डियां टूटने के मामलों की जैसे बाढ़ सी आ गई है। महज छह माह में ही मेडिकल कालेज अस्पताल में 48 ऐसे मामले सामने आए है जिनमें जबड़ो की हड्डी के बेतरतीब तरीके से टूटने का एक प्रमुख कारण तम्बाकू और गुटखा का उपयोग है। इस नई समस्या ने चिकित्सकों को भी चिंता में डाल दिया है।

दरअसल राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय के ऑपरेशन थिएटर में कैंसर से ग्रसित महिला का सामान्य सा ऑपरेशन चल रहा था। इस ऑपरेशन में महिला के मुंह कैंसर के कारण उसके जबड़े को बाहर निकालना था और इस शल्य क्रिया के दौरान जबड़े को निकालने के लिए चिकित्सकों को ताकत लगानी पड़ती लेकिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक उस समय चौंक गए जब उन्होंने महिला के जबड़े की हड्डियों को छूते ही देखा की वे इतनी कमजोर हो गई थी कि बिना जोर लगाए ही टूट रही थी। कैंसर की शल्य क्रिया के दौरान हुई घटना असामान्य और दुर्लभ थी। ऐसे में जब चिकित्सकों ने मरीज के रिपोर्ट की जांच की और उसके बारे में जानकारी निकाली तो पता चला कि महिला विगत 15 वर्षों से नियमित रूप से तम्बाकू उत्पादों का उपयोग कर रही थी। यही वजह है कि महिला के जबड़े की हड्डी टूट रही थी।




## सामान्य चोट और दुर्घटना में असामान्य रूप से टूट रही हड्डियां

विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि ऐसा नहीं है कि तम्बाकू, गुटखा खाने वालों की हड्डियां यूं ही टूट रही है। लम्बे समय तक गुटखा खाने वाले व्यक्तियों की हड्डियां अन्दर से कमजोर हो रही है और किसी भी प्रकार के चोट में हड्डियां असामान्य रूप से टूट रही है। हाल ही में एक अन्य केस में सर्जरी के दौरान यह बात सामने आई कि सड़क दुर्घटना में घायल युवक का जबड़ा असामान्य रूप से टूटा था और एक दो नहीं बल्कि कई स्थानों पर नुकसान हुआ था। इसके साथ ही जबड़े की सबसे मोटी हड्डी भी टूटी हुई थी जो सामान्यतः इस तरह के चोट में नहीं टूटती है। जब चिकित्सकों ने युवक से पूछताछ की तो पता चला कि वह वर्षों से तम्बाकू गुटखा खाता है।

### 6 महीने में आए 48 मरीज

तम्बाकू गुटखा खाने से जबड़े की हड्डियों के कमजोर होने का यह कोई पहला मामला नहीं है। राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के ईएनटी विभाग में जनवरी से जुलाई के बीच जबड़ा फ्रेक्चर के कुल 63 प्रकरण आए है और मरीजों का उपचार किया गया है। इनमें से 48 मरीज ऐसे थे जिनकी उम्र 15 से 40 साल के बीच थी और सभी तम्बाकू-गुटखा खाने के आदि थे। विशेषज्ञों का कहना है कि अधिकतर मरीज मामूली सी दुर्घटना जैसे बाइक से गिरना या हल्का सा मुक्का लगना बताते हैं, लेकिन फ्रेक्चर की गंभीरता इतनी अधिक होती है जैसे किसी ऊंचाई से गिरकर जबड़ा टूटा हो।

### बढ़ जाती है हड्डी टूटने की संभावना

तम्बाकू और गुटखा शरीर में हड्डियों की संरचना को धीरे-धीरे नष्ट करते हैं। जबड़े की हड्डी पर इसका असर सबसे पहले दिखाई देता है क्योंकि वहीं यह पदार्थ चबाया और रखा जाता है। तम्बाकू उपभोगकर्ताओं में हड्डी के टूटने की संभावना 2-3 गुना अधिक होती है

-डॉ. अरुणेश सिंह, एचओडी, अस्थि रोग विभाग

### लगातार आ रहे मामले

हमारे पास अब तक ऐसे 63 मामले सामने आए है जिनमें 48 मरीजों में जबड़े की हड्डी में दो से अधिक फ्रैक्चर पाए गए। 40 प्रतिशत से अधिक आबादी सरगुजा जिले में किसी न किसी रूप में तम्बाकू या गुटखा का उपयोग करती है। हाल ही में एक महिला के ऑपरेशन क दौरान यह देखा गया कि उसके जबड़े की हड्डियां बिना जोर लगाए टूट रही थी। तंबाकू या गुटखा वैधानिक रूप से प्रतिबंधित वस्तुएं हैं जिनका उपयोग करने वाले की पीड़ा दायक मौत होती है। बिना चेतावनी के तंबाकू युक्त पदार्थ का बेचने पर 5 वर्ष जेल की सजा की सजा हुआ एक लाख जुर्माना का प्रावधान कोटा एक्ट 2003 वह जूविनाइल प्रोडक्शन एक्ट 2005 के तहत भारतीय न्याय अधिनियम में किया गया है।

-डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता
नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम

## भटगांव बीट के इमलीपारा में निवासरत 109 लोगों को नोटिस

# अवैध अतिक्रमण के 41 साल बाद कब्जा खाली करने की नोटिस से लोगों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन परिक्षेत्र सूरजपुर अंतर्गत उप प्रक्षेत्र तमोर की वनभूमि में वर्षों से चल रहे अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध वन विभाग की सख्ती से

**खास बात**

■ दशको से वनभूमि में पक्का मकान बनाकर कर रहे लोग

अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गई है। वन विभाग ने चार दशक में पहली बार अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की हिममत जुटाई है।

वन विभाग के तमोर सर्किल का भटगांव बीट कभी घने जंगल का हिस्सा था। जमीन के नीचे कोयला का अकूत भंडार होने के कारण एसईसीएल ने खदानें खोलकर कोयला का उत्खनन प्रारंभ किया तथा देखते ही देखते भटगांव उद्योग नगरी बन गई। खदाने खुलने के बाद तेजी से आबादी बढ़ी साथ ही व्यवसाइकरण हुआ। इस दौरान अचानक जंगल साफ होने लगे तथा दूर-दूर तक के क्षेत्र आबाद हो गए। इस व्यवसायीकरण के प्रभाव से भटगांव बीट के जंगल भी साफ हो गए तथा वर्ष 1984 में संरक्षित जंगल के कक्ष क्रमांक पी1692 के 21.567 हेक्टेयर वनभूमि में सैकड़ों झोपड़ियों एवं शेड तैयार हो गए। तब धड़ल्ले से चल रहे अवैध अतिक्रमण पर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। समय गुजरने के साथ ही वनभूमि पर बनी झोपड़ियां एवं शेड अब पक्के मकान में तब्दील हो गए है तथा सभी घर बिजली से रोशन हो रहे हैं। घरों तक सड़कें बन गई तथा लोगों को शासन की सभी सुविधाएं भी दी जा रही है। वनभूमि में अवैध तरीके से निवासरत लोगों ने भी कभी नहीं सोचा होगा न ही सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले जनप्रतिनिधि। बिना किसी दस्तावेज के अपने जीवनभर की कमाई खर्च कर अपने सपनों का आलीशान भवन बनाकर बड़ा खतरा मोल ले रहे है। शासन की सख्ती के बाद वन विभाग अब अभियान चलाकर वनभूमि में हुए अवैध अतिक्रमण का सर्वे कराने के साथ ही अतिक्रमण हटाने अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर रहा है।

वन अधिकारियों ने जनवरी महीने में भटगांव बीट में हुए अवैध अतिक्रमण का सर्वे कर इमलीपारा एवं भट्ठापारा में अवैध अतिक्रमण का चिन्हांकन किया था। अभियान के प्रथम चरण में 109 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी की गई है जिसमें 42 ने नोटिस लिया है जबकि 67 ने नोटिस लेने से इंकार कर दिया है। अतिक्रमणकारियों का मानना है नोटिस नहीं लेने पर विभाग उनके विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर सकेगा। विभाग द्वारा 7 दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने की नोटिस जारी की गई है। अतिक्रमणकारी उच्च न्यायालय जाने की तैयारी कर रहे हैं।


नाटिस प्रदान करते वनकर्मी।

## जारी हो सकती है अंतिम नोटिस

वन अधिकारियों का कहना है कि वनभूमि में अतिक्रमण करने वाले किसी भी व्यक्ति को शासन द्वारा वन अधिकार पत्र जारी नहीं किया गया है। जानकारों का कहना है कि ऐसी स्थिति में विभाग कभी भी अंतिम नोटिस जारी कर अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई कर सकता है। लोग वनभूमि को अतिक्रमणमुक्त करने की विभाग की पहल को सराह रहे हैं जबकि कई लोग वन अधिकारियों की अनदेखी एवं अवैध अतिक्रमण को बढ़ावा देने सैकड़ो लोगों के बेघर होने की बात पर विभाग की आलोचना कर रहे है। भटगांव बीट अंतर्गत अन्य क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने वनभूमि में पक्के मकान बना लिए है। विभाग दूसरे चरण में ऐसे लोगों के विरूद्ध भी कार्रवाई करने की तैयारी में है। विभाग ने अतिक्रमण हटाने के बाद वनभूमि में फिर से जंगल विकसित करने की योजना बनाई है।

### हो रही खरीदी-बिक्री

इमलीपारा स्थित वनभूमि में निवासरत लोगों के पास भूमि के स्वामित्व से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं है इसके बावजूद भूमि की खरीद-फरोख्त हो रही है। सुरक्षा की भावना से प्रेरित होकर लोग अपनो के बीच रहने की इच्छा से अतिक्रमित भूमि को खरीदकर घर बना रहे हैं। वनभूमि में घर बनाने वाले लोगों के जेहन में यह बात घर कर गई थी कि वन विभाग अब जंगल की भूमि को भूल गया है। शासन-प्रशासन कभी भी इतने सारे लोगों का अतिक्रमण हटाने की हिम्मत नहीं करेगा। सरगुजा वनवृत्त के सभी वनमंडलों में अवैध अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया चल रही है। सूरजपुर वनमंडल के सभी वन परिक्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण का सर्वे करने के साथ ही विभाग द्वारा बड़ी संख्या में अवैध अतिक्रमण हटाए गए है।

### जारी किया गया है नोटिस

विभाग द्वारा भटगांव बीट के वनखण्ड पी-1692 की 21.567 हेक्टेयर में 109 लोगों का अवैध अतिक्रमण मिला है। सभी को 7 दिन का नोटिस जारी किया गया है। विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-उमेश वस्त्रकार
रेंजर,सूरजपुर



# कृषि मंत्री ने किया नवीन तहसील कार्यालय भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रनहत

■ कार्यालय परिसर में विधायक मद से शेड बनाने की घोषणा

शनिवार को प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने ग्राम डौरा कोचली में नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का उदघाटन किया। इस भवन का निर्माण 71 लाख 12 हजार रुपए की लागत से किया गया है। उद्घाटन उपरान्त मंत्री श्री नेताम ने नवीन तहसील भवन का अवलोकन किया व तहसील कार्यालय परिसर में विधायक मद से शेड बनाने की घोषणा भी की। इस दौरान उन्होंने लगभग 26 करोड़ की अधिक की राशि के 61 विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें 12 करोड़ 72 लाख से अधिक की राशि के 59 कार्यो का भूमिपूजन जिसमे सीसी रोड निर्माण, पुलिया निर्माण एवं 13 करोड़ 74 लाख रुपए के 2 कार्यों का लोकार्पण जिसमे उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में विभिन्न विकास कार्य हो रहे है। सरकार सभी के हितों के लिए कार्य कर रही है। नए तहसील भवन से आस-पास के लोगों को काफी सुविधा होगी। भवन के निर्माण होने से राजस्व संबंधी दस्तावेजों का संधारण सही ढंग से किया जाएगा। साथ ही राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी। इससे इस क्षेत्र के 48 गांव के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के द्वारा विकासखण्ड बलरामपुर के अंतर्गत 12 करोड़ से अधिक की लागत से विभिन्न कार्य सम्पादित किये जायेंगे। उन्होंने सभी सबंधितों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। कृषि मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को धान बेचने के पश्चात बलरामपुर बार-बार जाना पड़ता है, इसके लिए व्यवस्था को सरल बनाने के लिए सहकारी बैंक व समिति की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास भी किया जाएगा। जिससे किसानों का समय और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के संबंध में भी जानकारी देते हुए कहा कि सभी पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विद्युत समस्या के समाधान हेतु विद्युत सबस्टेशन का भी प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य कृष्णा गुप्ता, जिपं उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव, जनपद अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती बबली, रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, अमित जायसवाल, अपर कलेक्टर आरएन पाण्डेय, तहसीलदार सुश्री रॉकी एक्का, जनपद सीईओ दीपराज कांत सहित अन्य मौजूद थे।

## नदी पार करते समय आई बाढ़, बीच में ही फंसा ग्रामीण, ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद निकाल गया बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को मैनपाट में हुई मूसलाधार बारिश के बाद नदी नाले एक बार फिर से उफान पर आ गए है। इस दौरान घुनघुट्टा नदी पार करते समय एक ग्रामीण बीच नदी में फंस गया। नदी पार करते समय आई बाढ़ में ग्रामीण बुरी तरह से फंस गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी सूझबूझ से कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि मैनपाट विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कदनई लोटाभवना निवासी रतुराम मझवार आ. बुधन शनिवार की दोपहर किसी काम से गांव में पड़ने वाली घुनघुट्टा नदी को पार कर नदी के दूसरी ओर गया हुआ था। इधर मैनपाट क्षेत्र में शनिवार को दो घंटे से अधिक समय तक मूसलाधार बारिश हुई जिससे नदी नाले उफान पर आग गए थे। दोपहर में ग्रामीण पुनः नदी को पार कर वापस अपने घर जा रहा था। इस दौरान वह जैसे ही बीच नदी में पहुंचा अचानक ही नदी का जल स्तर बढ़ने लगा और वह बाढ़ में फंस गया। नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ने के कारण ग्रामीण किसी तरह पत्थर पर चढ़ गया लेकिन बाढ़ में ग्रामीण फंस गया था। गनीमत रही कि ग्रामीण को तैरना आता था इस लिए वह नदी के बीच में घबराया नहीं। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों द्वारा किसी तरह ग्रामीण को नदी से बाहर निकाला। इस दौरान ग्रामीण दो से ढाई घंटे तक बाढ़ में फंसा रहा। ग्रामीण के पानी से बाहर आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# उत्तर पुस्तिका बंटने के बाद रद्द कर दी गई एलएलबी की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ पर्यावरणीय विधि की जगह पहुंच गए थे प्रशासनिक विधि विषय के प्रश्न पत्र, लीक होने की संभावना, छात्र-छात्राओं ने किया हंगामा

शनिवार को पीजी कॉलेज में उस वक्त हंगामा मच गया जब ऑटोनोमस बॉडी ने बच्चों को उत्तर पुस्तिकाएं वितरित करने के बाद परीक्षा ही रद्द कर दी। बिना कोई ठोस कारण बताए विद्यार्थियों के बीच आगामी तिथि की घोषणा कर दी गई। कॉलेज प्रबंधन और ऑटोनोमस बॉडी की इस लापरवाही के खिलाफ छात्र छात्राओं का आक्रोश भड़क उठा। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद युवा कांग्रेस ने भी कॉलेज पहुंचकर प्रबंधन की इस लापरवाही के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। हैरानी की बात तो यह है कि कॉलेज प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारी परीक्षा रद्द करने का कोई ठोस कारण नहीं बता पाए ऐसे में छात्र छात्राओं ने प्रबंधन पर पेपर लीक करने का आरोप लगाया है।

बताया जा रहा है कि शनिवार को राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर के मुख्य व एटीकेटी छात्र छात्राओं की की पर्यावरणीय विधि विषय की परीक्षा थी। इस परीक्षा को देने के लिए जिलेभर से छात्र छात्राएं पहुंचे थे। परीक्षा के दौरान सभी विद्यार्थी जब कक्ष में बैठ गए तो उन्हें सुबह 10 बजे उत्तर पुस्तिकाएं वितरित की गई जिसमें बच्चों ने अपने रोल नम्बर व अन्य जानकारियां भी भर ली थी लेकिन 10.10 बजे कॉलेज प्रबंधन की ओर से बच्चों को जानकारी दी गई कि उक्त परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। बच्चों को परीक्षा को स्थगित करने के सही कारण की जानकारी नहीं दी गई जिसके बाद छात्र छात्राओं का आक्रोश भड़क उठा। वहीं इस मामले की जानकारी मिलने के बाद युवा कांग्रेस व एनएसयूआई की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने कॉलेज प्रबंधन से जानकारी मांगी तो उन्हें भी गोल मोल जवाब दिया गया। केन्द्राध्यक्ष की ओर से जानकारी दी गई कि ऑटोनोमस के निर्देश पर परीक्षा स्थगित की गई है वहीं जब छात्र और छात्र नेता ऑटोनोमस प्रबंधन के पास पहुंचे तो उन्हें गोल मोल जवाब दिया गया जिससे छात्र भड़क उठे। छात्र नेताओं का कहना है कि पूर्व में जब इस परीक्षा की तिथि बढ़ाने की मांग की गई तो तिथि नहीं बढ़ाई गई लेकिन अब अचानक से परीक्षा शुरू होने के बाद इसे स्थगित कर दिया गया। इस परीक्षा को देने के लिए छात्र छात्राएं दूर दराज से कठिनाइयों का सामना करते हुए आए थे।



प्राचार्य व प्रभारी से चर्चा करते छात्र नेता।

### पहुंच गया प्रशासनिक विधि का पेपर

छात्र छात्राओं द्वारा नाराजगी जाहिर करने के बाद ऑटोनोमस प्रबंधन ने अपनी गलती मानी। प्रबंधन का कहना है कि शनिवार को पर्यावरणीय विधि विषय की परीक्षा थी जबकि प्रशासनिक विधि विषय की परीक्षा 30 जुलाई को होनी है। प्रश्न पत्र बंटने से पहले यह पता चला कि गलती से प्रशासनिक विधि का प्रश्न पत्र चला गया है। पेपर को खोला नहीं गया था इस लिए उसकी गोपनीयता भंग नहीं हुई है। इतना समय नहीं था कि पर्यावरणीय विधि विषय का पेपर पहुंचाया जाए इसलिए पेपर स्थगित आकर 1 अगस्त को करने का निर्णय लिया गया है लेकिन छात्र नेताओं का कहना है कि जब पेपर की सील नहीं खोली गई तो कैसे पता चला कि दूसरा प्रश्न पत्र पहुंच गया है। कॉलेज प्रबंधन व ऑटोनोमस प्रबंधन द्वारा बड़े पैमाने पर मनमानी की गई है और पेपर लीक होने की स्थिति में पेपर निरस्त कियाग या। परीक्षा के लिए दूर दराज से आए छात्र छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। यवा कांग्रेस ने इस मामले में ज्ञापन सौंपकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान युवा कांग्रेस आरटीआई सेल के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल, एनएसयूआई विवि अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, गौतम गुप्ता, पीजी कॉलेज एनएसयूआई प्रभारी अभिनव काशी एवं अन्य छात्र उपस्थित थे।

### गलती से गया था पेपर

पेपर लीक नहीं हुआ है। एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर के बच्चों के पर्यावरणीय विधि विषय की परीक्षा थी लेकिन कन्फ्यूजन के कारण प्रशासनिक विधि विषय का पेपर चला गया। पेपर खुलने से पहले इसकी जानकारी मिली तो पेपर वापस मंगा लिया गया। हम इस स्थिति में नहीं थे कि सही प्रश्न पत्र भेजा जाए। इसकी जानकारी ऑटोनोमस की तरफ से जानकारी दे दी गई है। अब यह परीक्षा 1 अगस्त को होगी।

-दीपक सिंह, ऑटोनोमस प्रभारी

## खबर संक्षेप

### कौशल तिहार में शामिल होने पंजीयन आज तक

**बलरामपुर।** जिला कौशल विकास अभिकरण के सहायक संचालक ने बताया कि कौशल तिहार 2025 का आयोजन मुख्यतः कौशल प्रतियोगिता के माध्यम से कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनके कौशल के प्रदर्शन पर केंद्रित है। कौशल उत्सव का उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता लाना एवं विजेताओं को इंडिया स्किल्स 2025 के क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार करना है। उक्त कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में शामिल होने हेतु जिले के युवा जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में जिला कौशल विकास प्राधिकरण-लाईवलीहुड कॉलेज या पंजीकृत अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता अंतर्गत पीएमकेव्हिवाय, एमएमकेव्हिवाय कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो, आवश्यक जानकारी सहित पंजीयन 20 जुलाई तक सीएसएसडीए पोर्टल अथवा मोबाईल नंबर में संपर्क कर सकते हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय आईटीआई. परिसर रामानुजगंज एवं जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज भेलवाडीह बलरामपुर में किया जाना प्रस्तावित है। प्रतियोगिता आयोजन की तिथि पृथक से प्रदाय की जाएगी। जिले में प्रथम स्थान प्राप्त दल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

### आज 5 केन्द्रों में होगी उप अभियंता की लिखित परीक्षा

**अंबिकापुर।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा उप अभियंता सिविल, विद्युत, यांत्रिकी भर्ती परीक्षा 20 जुलाई को शहर 5 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज, राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, मल्टीपरपज उमावि व कन्या उमावि में होगी। इस परीक्षा में कुल 1985 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन, पारदर्शिता बनाए रखने उड़नदस्ता दल एवं परीक्षा केंद्रवार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। परीक्षा केंद्र में परीक्षा प्रारंभ से 2 घंटे पहले पहुंचने के निर्देश दिए गये है। परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले ही परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार बंद कर दिए जाएंगे। वहीं परीक्षार्थी केवल हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और चप्पल पहनकर आएं। गहने, घड़ी, पर्स, मोबाइल, बैग, स्कार्फ, टोपी, बेल्ट आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे पहले से लेकर परीक्षा समाप्ति तक अंतिम आधे घंटे तक किसी भी परीक्षार्थी को बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

### उधार में 2 हजार रुपए नहीं देने पर युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना क्षेत्र निवासी घनश्याम दास आ. चिल्हो दास (28 वर्ष) घर के समीप दुकान में अंडा लेने गया था। इसी दौरान गांव के ही अनिल पैकरा पहुंचा और घनश्याम से 2 हजार रुपए मांगने लगा। जिस पर घनश्याम ने उसकी पत्नी द्वारा मना करने पर पैसा देने से इंकार कर दिया। युवक द्वारा पैसा नहीं देने से नाराज हुए अनिल पैकरा ने गाली-गलौज करते हुए उसकी बेदम पिटाई कर दी। घटना को देख परिजन सहित आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बैठक 22 को

**बलरामपुर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त के गरिमामय आयोजन एवं आवश्यक तैयारी के लिए संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक के पश्चात आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने सभी जिला अधिकारियों को उक्त बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर शनिवार को शशि शेखर मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरतपुर एवं मो.स्माइल खान विकासखंड शिक्षा अधिकारी भरतपुर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवगढ़ एवं शासकीय उच्च माध्यमिक डोमहरा में हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त शैक्षणिक स्टॉफ का समीक्षा बैठक लेकर पढ़ाई के बारे में चर्चा की गई। तथा बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए सभी शिक्षकों को लेसन प्लान के कार्य योजना के साथ अध्यापन कार्य कराने के लिए निर्देशित किया गया।

### जिले में अब तक 483.3 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ताजा आॅकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 6.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 18 जुलाई तक जिले में कुल औसत 483.3 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की जा चुकी है, जो खरीफ फसलों की बोआई और उनकी प्रारंभिक बढ़वार के लिए अनुकूल मानी जा रही है। तहसीलवार आॅकड़ों में कोटाडोल 647.6 मिमी वर्षा के साथ पहले स्थान पर है। भरतपुर में 597.0 मिमी, चिरमिरी में 442.7 मिमी, खड़गवां में 409.2 मिमी, मनेन्द्रगढ़ में 407.9 मिमी और केल्हारी में 395.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### श्रमिक संगठनों के सदस्यों की हुई जांच

**डोमनहिल।** एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र की विभिन्न खदानों में कार्यरत कर्मचारियों के बीच मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठनों द्वारा सदस्यता सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 18 और 19 जुलाई को प्रारंभ हुआ। इसमें कर्मचारियों की सदस्यता की जांच की गई। तीसरे चरण का सत्यापन 21 जुलाई को प्रस्तावित है, जबकि छुट्टी पर गए कर्मचारियों की सदस्यता की पुष्टि 28 जुलाई को की जाएगी। सदस्यता सत्यापन प्रक्रिया में प्रमुख श्रम संगठन, एचएमएस, बीएमएस, इंटक और एटक श्रम संगठन भाग ले रहे हैं। प्रबंधन इन संगठनों को कर्मचारियों से सहमति प्राप्त कर उनके वेतन से सदस्यता शुल्क काटकर संबंधित संगठन को हस्तांतरित करते हैं। वहीं संगठन सीटू सदस्यता सत्यापन अभियान से अलग रहते हुए अपने समर्थकों से नगद शुल्क स्वीकार कर रहे हैं।

विभाग नहीं दे रहा ध्यान, रोजाना सैकड़ों लोगों की रहती है आवाजाही

# नवनिर्मित पुल पर जानलेवा गड्ढे





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर**

शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित गेज नदी पर करोड़ों रूपए की लागत से नव निर्मित पुल के पास जानलेवा गड्ढे बन गए है, इसके सुधार कार्य करने की दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकि उक्त पुलिया से प्रतिदिन काफी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है, जिनके दुपहिया वाहनों के अलावा चार पहिया वाहन शामिल हैं, इनके दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

उल्लेखनीय है कि करोड़ों रूपए की लागत से नवनिर्मित गेज पुल आवागमन शुरू हुए एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है, इसके पूर्व ही नवनिर्मित पुल के किनारे हिस्से पर जहां से एप्रोच सड़क का निर्माण कर मुख्य मार्ग से जोड़ा गया है, वहां पुल के ठीक बाद सड़क पर गड्ढे हो गए है। पुल के पास अचानक बने गड्ढे के कारण वाहन चालकों को इस जगह पर आर पार होने में गड्ढे के कारण परेशानी होती है। हिचकोले खाकर इस स्थल से पार होना पड़ता है। वहीं दुपहिया वाहन चालकों के लिए गड्ढायुक्त सड़क खतरे की घंटी बजाती है, इस स्थल पर गड्ढे के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, बावजूद इसके जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### इधर गौरवपथ के गड्ढे भरे गए

शहर के प्रमुख सड़क में से एक गौरवपथ मार्ग जो कि शहर की प्रमुख मार्ग में शामिल है। इस मार्ग में पोस्ट आफिस, जनपद पंचायत कार्यालय, सिटी कोतवाली, रक्षित केन्द्र, जिला अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय है, इसके चलते लोगों का प्रतिदिन इस मार्ग पर आना-जाना लगा रहता है। बीते कुछ दिनों से गौरवपथ मार्ग पर भी पोस्ट आफिस से लेकर जिला अस्पताल तक जगह-जगह गड्ढे बन गए थे, जिसके कारण लोगों को गौरवपथ मार्ग पर आवागमन में परेशानी होती थी। कई दिनों की परेशानियों के बीच गौरवपथ पर जनपद काम्प्लेक्स के पास से फव्वारा चौक तक जगह-जगह गड्ढों को सीमेंट से भर दिया गया है, इससे अब इस बरसात में आवागमन में लोगों को दिक्कत नहीं होगी।

### मरीजों को होती थी परेशानी

गौरवपथ मार्ग पर फव्वारा चौक से लेकर जनपद पंचायत कार्यालय काम्प्लेक्स तक जगह-जगह जानलेवा गड्ढे बन जाने से इस मार्ग पर जिला अस्पताल एम्बुलेंस से आने जाने वाले मरीजों को हिचकोले खाते हुए आना-जाना पड़ता था, जो मरीजों के लिए परेशानियों भरा सफर कुछ ही दूरी की सड़क थी ,जिससे अब सुधार कार्य कर दिए जाने के कारण निजात मिल गई।

# यात्रियों की सहूलियत सिर्फ कागजों में

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़**





रेलवे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने का दावा करने वाला रेलवे प्रशासन मनेन्द्रगढ़ स्टेशन की वास्तविक हालत पर ध्यान देने को तैयार नहीं है। शहर से रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क से लेकर प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 तक गंदगी, अव्यवस्था और लापरवाही का बोलबाला है।

■ रेलवे स्टेशन की हालत बदहाल

रेलवे स्टेशन तक पहुंचने वाली मुख्य सड़क पर चारों ओर कचरे और कीचड़ का साम्राज्य है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रेलवे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का नामोनिशान नहीं है, जिससे न केवल बदबू फैल रही है, बल्कि बरसात के दिनों में लोगों को चलने में भारी परेशानी हो रही है। स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 की हालत बेहद दयनीय है। यहां तक कि प्लेटफार्म की सतह पर घास उग आई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि लंबे समय से सफाई नहीं की गई। यह स्थिति यात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों के लिए खतरा बन रही है। प्लेटफार्मों पर पर्याप्त मात्रा में सीमेंटेड सीटें और शेड नहीं लगे हैं, जिससे बरसात में यात्री खुले में भींगने को मजबूर हैं। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि प्लेटफार्म नंबर 1 पर ट्रेनों का अधिक आवागमन होता है, फिर भी बुनियादी सुविधाएं यहां भी अधूरी हैं। यात्रियों के बैठने, छांव या साफ-सफाई की कोई सुनिश्चित व्यवस्था नहीं है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यदि यही हालत रही तो रेलवे की छवि पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगेगा। उन्होंने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि मनेन्द्रगढ़ स्टेशन पर तत्काल निरीक्षण करें। सभी प्लेटफार्मों पर पर्याप्त संख्या में सेटिंग बेंच और शेड लगवाए जाएं, प्लेटफार्म की सतह की मरम्मत और घास की सफाई करवाई जाए, स्टेशन आने वाली सड़क की मरम्मत और सफाई सुनिश्चित की जाए।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग रोजगार के मिलेंगे अवसर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़**

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मनेन्द्रगढ़ के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने नर्सिंग छात्रों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राज्य में नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अन्य राज्यों और विदेशों में रोजगार दिलाने के लिए सरकार द्वारा नई पहल शुरू की जा रही है।



■ नर्सिंग छात्रों के लिए खुशखबरी

इस योजना के तहत छात्रों को भाषा, कार्यशैली और व्यवहारिक दक्षता में प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप खुद को तैयार कर सकें। प्रशिक्षण का कार्य पैन-आईआईटी के सहयोग से किया जाएगा, जो देश की शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों का समूह है और वैश्विक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने के लिए प्रसिद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि नर्सिंग छात्रों के लिए कैंपस सिलेक्शन प्रक्रिया भी आयोजित की जाएगी, जिसके माध्यम से उन्हें देश के अन्य राज्यों और अंतरराष्टीय स्वास्थ्य संस्थानों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छग के छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही मार्गदर्शन और गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण की। यह योजना युवाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि उन्हें वैश्विक स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में पहचान भी दिलाएगी।

# सदस्यता सत्यापन के पहले दिन बीएमएस आगे

**चरचा कॉलरी।** कोयलांचल क्षेत्र में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी श्रमिक संघों की सदस्यता सत्यापन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

बैकुंठपुर क्षेत्र में 19 एवं 21 जुलाई को दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन आयोजित किया जा रहा है, जबकि जो कामगार किसी कारणवश सत्यापन नहीं कर पाए हैं, उनके लिए प्रबंधन द्वारा 25 जुलाई को अंतिम मौका दिया गया है। वहीं 26 जुलाई को शाम 6 बजे तक क्षेत्र में सक्रिय सभी श्रमिक संघों की सदस्य संख्या की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। हालांकि परंपरा के अनुसार 21 जुलाई की शाम तक तस्वीर लगभग साफ हो जाती है कि किस यूनियन का पलड़ा भारी रहेगा। पहले दिन शनिवार को क्षेत्र प्रबंधक कार्यालय में सदस्यता सत्यापन का कार्य सुबह 9 से शाम 6 बजे तक शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान श्रमिक प्रतिनिधि सुभाष नगर चौक, वीटीसी चौक, पोस्ट ऑफिस, को-ऑपरेटिव एवं चरचा ईस्ट मार्ग पर डटे रहे और श्रमिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में लगे रहे। इस बार सदस्यता के लिए पहले जैसी लंबी कतारें नहीं देखी गईं, लेकिन मतदान का उत्साह बना रहा। शाम 5:30 बजे तक चरचा माइन आरओ में हुए आंशिक आॅकड़ों के अनुसार बीकेकेएमएस (बीएमएस) 375 मत पाकर पहले स्थान पर रही। इंटक यूनियन ने 259 मतों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। एचएमएस को 213, एटक को 195 और नोटा को 191 मत मिले। इस बीच इंटक यूनियन ने एक दिन पहले ही अपने कार्यालय में कर्मचारियों के लिए भोज एवं मदिरा पार्टी का आयोजन कर सदस्यता बढ़ाने की कोशिश की, जिसका श्रमिकों ने भी भरपूर लुत्फ उठाया। अब सभी की निगाहें 21 जुलाई की शाम पर टिकी हैं, जब यह लगभग तय हो जाएगा कि किस यूनियन की सदस्यता सबसे अधिक रही, इसके बाद विजयी यूनियन के समर्थकों द्वारा आतिशबाजी और मिठाइयों के साथ जश्न मनाया जाना तय माना जा रहा है।

■ श्रमिक संघों के बीच सदस्यता को लेकर जोर आजमाइश



# सरिया में गौ मांस काट रहे तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सरिया।** महानदी पुल के पास गौ मांस काट रहे तीन लोगों को सरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गौ सेवकों की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सरिया में पहली बार गौ मांस की मांस बरामद होने से गौसेवकों में तीव्र रोष व्याप्त है। इस पर कार्रवाई की मांग पुलिस प्रशासन से की है। बता दे कि कल रविवार को सरिया में दो-दो मंत्रियों के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन जहां व्यवस्था में लगा है। वही गौ मांस की गौ सेवकों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। गौ सेवकों ने सरिया थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को उचित कार्रवाई की मांग की है। घटना के संबंध में बताया गया है कि नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी टिकेश्वर सतनामी व दो अन्य व्यक्ति महेत्तर रात्रे व हलधर सतनामी के द्वारा सरिया परशरामपुर मार्ग पर महानदी पुल के पास सड़क किनारे गौ मांस काट रहे थे। इस दौरान गौ सेवक उक्त रास्ते से गुजर रहे थे और सड़क किनारे गौ मांस काटने की घटना होने पर उन्होंने तत्काल थाना प्रभारी सरिया प्रमोद यादव को सूचना दी। थाना प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जिसमें टिकेश्वर रात्रे सरिया एवं महेत्तर रात्रे जलगढ, हलधर सतनामी,जलगढ से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह

**मनेन्द्रगढ़।** विद्यालयी शिक्षा के मानक केन्द्र बन चुके दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हर्षोउल्लास के साथ वर्ष 2025 का अलंकरण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती एवं बुद्धि के दाता भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।

## ईडी की छापामारी पर कांग्रेस का हमला

**मनेन्द्रगढ़।** छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर प्रदेशभर में राजनीतिक तापमान चढ़ा हुआ है। मनेन्द्रगढ़ में कांग्रेस नेताओं ने इस कार्रवाई को भाजपा सरकार की तानाशाही मानसिकता और विपक्ष की आवाज दबाने का षड़यंत्र करार दिया।

पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने इस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार विपक्ष की आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है। ईडी और आईटी जैसे जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराया जा रहा है। यह लोकतंत्र के खिलाफ एक खतरनाक संकेत है। पूर्व न्यायाधीश युवा कांग्रेस नेता व्यंकटेश सिंह ने कहा कि जब-जब भाजपा सरकार की विफलताएं सामने आई हैं, तब-तब कांग्रेस नेताओं पर ईडी और आईटी के छापे डलवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा सत्र के अंतिम दिन भूपेश बघेल रायगढ़ के तमनार क्षेत्र में अवैध जंगल कटाई और अडाणी समूह को जमीन सौंपने के मुद्दे को उठाने वाले थे, इसी भय के चलते भाजपा सरकार ने यह कार्रवाई करवाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 18 महीनों में सरकार ने जल, जंगल और जमीन को बेचने का कार्य किया है।

## इंदिरा पार्क में 450 पौधों का रोपण

**बैकुण्ठपुर।** 18 जुलाई को नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा मां के नाम एक पेड़ अभियान के अंतर्गत इंदिरा पार्क परिसर में 450 पौधों का पौधरोपण किया गया। साथ ही आने वाले दिनों में लगभग 4500 और पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पर्यावरणीय कार्य में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय दुबे, उप अभियंता कु. अंजुमिका एक्का, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी तथा स्वच्छता टीम के समस्त सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेकर पौधों को रोपित किया और उनकी देखरेख की जिम्मेदारी लेने की बात कही। अधिकारियों ने कहा कि यह केवल पौधरोपण नहीं, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के सम्मान का प्रतीक है। आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध वायु और हरा-भरा वातावरण तैयार करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर परिषद का यह प्रयास क्षेत्र में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### चरित्र निर्माण, आत्मनिर्भरता की दी गई सीख

**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ द्वारा 14 जुलाई से 18 जुलाई तक शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सलका में पांच दिवसीय तृतीय सोपान स्काउट-गाइड जांच एवं राज्यपाल पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया।

# श्रद्धा और आस्था का केन्द्र बना सिद्ध बाबा मंदिर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़**

जिले के धार्मिक आस्था का प्रमुख केन्द्र श्री सिद्धबाबा मंदिर में इन दिनों भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगत देखने को मिल रहा है। सावन मास की पवित्रता और सोमवार की विशेष महत्ता के चलते मंदिर में प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं।

मंदिर समिति के अनुसार प्रत्येक सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4 बजे से भगवान शिव का रूद्राभिषेक प्रारंभ होता है। इसमें स्थानीय ही नहीं, दूर-दराज से आने वाले भक्त भी भाग लेते हैं। रूद्राभिषेक की इस दिव्य प्रक्रिया के दौरान पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो जाता है। वैदिक मंत्रों की गूंज और श्रद्धालुओं की आस्था से वातावरण अत्यंत पावन और ऊर्जावान बन जाता है, इसके साथ ही सायंकाल में महाकाल की तर्ज पर भगवान श्री सिद्धबाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाता है। भव्य श्रृंगार दर्शन के लिए सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर में उमड़ते हैं। विशेष फूलों, आभूषणों, वस्त्रों और दीपों से सजाए गए भगवान श्री सिद्धबाबा के दिव्य स्वरूप के दर्शन भक्तों को एक अनोखी आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करते हैं। मंदिर समिति और स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसमें कावड़ियों के लिए जलपान, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा, प्रसाद वितरण और रूद्राभिषेक सामग्री शामिल है।



पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि श्री सिद्धबाबा मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुका है। सोमवार को मंदिर आकर न केवल धार्मिक लाभ मिलता है, बल्कि मानसिक शांति और ऊर्जा भी प्राप्त होती है। सावन मास के शेष सोमवारों में श्रद्धालुओं की संख्या में और भी अधिक वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। मंदिर प्रबंधन ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह कियाहै कि वे तय समय पर पहुंचे और आयोजन को शांतिपूर्ण एवं दिव्य बनाए रखें। संपूर्ण आयोजन में सिद्धबाबा सेवा समिति के विकास श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, अजीत दुबे, अमित पोद्दार, नकूल तिवारी, नितिन गुप्ता, संदीप पुरी, पंकज कांत, पार्षद अजय जायसवाल, अजय अग्रवाल, श्रीमती अर्चना कक्कड़, चंद्रकांत चावड़ा, दीपक अग्रवाल, नपा उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, गौतम शर्मा, विमलेश अग्रवाल, कुलेश्वर साहू, आशीष कक्कड़, सुभाष अग्रवाल, विनीत जायसवाल का सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगाँव तहसील भटगांव**

रा.प्र.क्रं. 120 ब-121/2024-25

**// ईश्तहार //**

आम जनता ग्राम बतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमसाय आ. अमृत राम जाति कुम्हार निवासी ग्राम बतरा तहसील भटगांव जिला सूरजपुर द्वारा अपने पुत्र मनोज कुमार का जन्म दिनांक 18/11/2007 को जन्म होने पर आवेदक द्वारा अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र के पंजीयन बावत शुल्क अदा कर चालान की प्रति, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है।

जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप दिनांक 23/07/25 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्वात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 08/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**भटगांव**
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 20 जुलाई 2025, रविवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ. राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 24 जुलाई 2025
दिन - गुरूवार
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

वरिष्ठ एवं अनुभवी कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, Dr. NB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
दिनांक - 19 जुलाई 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 27 जुलाई 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक - 20 जुलाई 2025
समय : दोपहर 3:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
CELEBRATING 17 YEARS OF EXCELLENCE
8435061866 9926020334 9926513170
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर से संबध उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली से अनुमोदित
ADMISSION OPEN 2025-26 (REGULAR COURSE)
DCA | BCA | BBA | BCOM
BSC (BIO/MATHS/CS) | BA | MSC (BOTANY/ZOOLOGY) | MSC (CHEMISTRY)
MSC (MATHS) | MSC (PHYSICS) | MSC (CS/IT) | MCOM
MSW | MA* (HINDI) | PGDBM | PGDCA
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
नवीन कॉलेज कैंपस
अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे संजय नगर, जिला - सूरजपुर, छ.ग.
NEW COLLEGE CAMPUS
सिटी ऑफिस
कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमनाकला, अंबिकापुर सरगुजा, (छ.ग.), मों .98261-83771

## खबर संक्षेप



### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत की गई करियर काउंसलिंग

**अंबिकापुर।** शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बालिकाओं व महिलाओं के बेहतर भविष्य के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन किय गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी जगदेव राम प्रधान व जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बंसत मिंज के नेतृत्व में करियर काउंसलिंग का आयोजन जन शिक्षण संस्थान में किया गया। इस दौरान जन शिक्षण संस्थान में प्रशिक्षकों एवं परामर्शदाताओं द्वारा स्कूल एवं कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं को विभिन्न विषयों पर आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करनी चाहिए, प्रतियोगी परीक्षाएं कौन कौन से स्तर की होती हैं एवं इन परीक्षाओं की तैयारी कहा कहा से कर सकते हैं, कौन से विषय वाले छात्र किन क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला साक्षरता मिशन के परियोजना अधिकारी व लाइवलीहुड प्राचार्य गिरीश गुप्ता, सूरजपुर साक्षरता परियोजना अधिकारी शिक्षण संस्थान डॉ. मोहन साहू, जन शिक्षण संस्थान के निर्देशक एम सिद्दीकी, महिला सशक्तीकरण केंद्र से जिला मिशन समन्वयक नूतन सिन्हा, जेंडर विशेषज्ञ नीलमणि एक्का, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ नेहा सिंह राजपूत मौजूद थे।

### परशुराम चौक से जाना जाएगा अब बिजली चौक, ब्राम्हण समाज ने लगाया बोर्ड

**सीतापुर।** नगर पंचायत में परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव के बाद आदर्शनगर स्थित बिजली चौक अब परशुराम चौक से जाना जाएगा। इस




संबंध में नगर पंचायत में होने वाली औपचारिकता के बाद सर्व ब्राम्हण समाज ने यहां परशुराम चौक के नाम से एक बोर्ड स्थापित कर दिया है। विदित हो कि विगत दिनों नगर पंचायत में आयोजित परिषद की बैठक में अध्यक्ष एवं पार्षदों द्वारा आदर्शनगर स्थित बिजली चौक का नाम परशुराम चौक रखने का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया था। ब्राम्हण समाज की यह मांग वर्षों पुरानी थी जिस पर काफी सोच विचार के बाद नगर पंचायत द्वारा निर्णय लिया गया था। नगर पंचायत के इस निर्णय का स्वागत करते हुए ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष समेत सभी पार्षदों का आभार जताया था। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब सर्व ब्राम्हण समाज वहां परशुराम चौक के निर्माण की तैयारियों में जुटा हुआ है। फिलहाल समाज द्वारा सूचना के लिहाज से आदर्शनगर स्थित बिजली चौक पर परशुराम चौक के नाम से एक सांकेतिक बोर्ड स्थापित कर दिया है।

### जागरूकता कार्यक्रम में पोषक भोजन का प्रदर्शन



**बिहारपुर।** वाटरशेड आर्गेनाइजेशन ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र के 16 गांवों में आयोजित भोजन प्रदर्शन कार्यक्रम पौष्टिक भोजन का महत्व बताया गया। कार्यक्रम में सोयाबीन बड़ी का भजिया बनाकर प्रदर्शित कर माताओं को पौष्टिक भोजन के बारे में जागरूक किया गया। ताकि बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सके। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि बच्चे स्वस्थ एवं निरोग रहे इसके लिए जरूरी है कि उन्हें पौष्टिक भोजन दिया जाए। बारिश के मौसम में ज्यादातर बच्चे मौसमी बीमारियों से प्रभावित होते हैं। इससे बचने के लिए बारिश के मौसम में पानी उबालकर पीये। खाने से पहले और शौच के बाद हाथ साबुन से धोए। भोजन प्रदर्शन के माध्यम से माताओं को अंचल में प्राप्त खाद्य सामग्रियों से पोषण स्तर को बढ़ाने के तरीके बताए गए। सोयाबीन बड़ी प्रोटीन का सबसे अच्छा स्त्रोत है तथा अंडा व दूध से भी ज्यादा प्रोटीन प्रदान करती है। यह सहज ही दुकानों में उपलब्ध है। सोयाबीन की सब्जी खिलाने से पोषण की मात्रा में वृद्धि होती है। इसे पकोड़ों या भजिया बनाकर बच्चों को खिलाया जा सकता है इस दौरान संस्था के विनोद लस्कर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## निधन

### सावित्री जायसवाल



**अम्बिकापुर।** स्व.आत्माराम जायसवाल की धर्मपत्नी सावित्री जायसवाल का प्रेमनगर में निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थीं। उनकी अंत्येष्टि बड़ी संख्या में स्वजन सम्मिलित हुए। ये कवयित्री माधुरी जायसवाल और पूर्णा जायसवाल की माता थीं।

### तीन घंटे तक बंद कमरे में लिया बयान, लगाई जमकर फटकार

# चंदौरा समिति में अवैध वसूली की शिकायत पर प्रशासन ने की छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चंदौरा में किसान क्रेडिट कार्ड ऋण वितरण के नाम पर किसानों से अवैध वसूली की शिकायत कलेक्टर एवं एसडीएम से ग्रामीणों ने की थी। शिकायत पर आज एसडीएम सहित प्रशासनिक टीम ने न सिर्फ चंदौरा समिति में छापामार कार्रवाई की बल्कि समिति प्रबंधक से बंद कमरे में तीन घंटे तक पूछताछ की। साथ ही जमकर फटकार लगाई। इसी बीच एसडीएम ने ग्रामीणों को कार्रवाई किए आने का आश्वासन दिया।

**खास बात**

- ग्रामीणों को कार्रवाई करने दिलाया भरोसा

ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर और एसडीएम प्रतापपुर को दी गई शिकायत के बाद शुक्रवार को प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। एसडीएम ललिता भगत, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी शिव शंकर यादव, सहकारिता विभाग और तहसील कार्यालय के प्रतिनिधियों ने चंदौरा समिति का निरीक्षण किया। जांच के दौरान सभी संबंधित व्यक्तियों के बयान बंद कमरे में गुप्त रूप से दर्ज किए गए, ताकि बिना किसी दबाव के सत्य उजागर हो सके। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने समिति प्रबंधक से सख्त सवाल-जवाब किए। एसडीएम ललिता भगत ने समिति प्रबंधक को फटकार लगाते हुए कहा कि किसानों के अधिकारों से कोई भी खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दोषियों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।



ग्रामीणों को आश्वासन देती एसडीएम।

**भेजी गई है रिपोर्ट**

मामला काफी गंभीर है। समिति से जुड़ी सभी गतिविधियों की क्रमवार जांच की गई है। गुप्त बयान दर्ज कर लिए गए हैं और संपूर्ण रिपोर्ट कलेक्टर तथा कृषि विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। शीघ्र ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-ललित भगत, एसडीएम प्रतापपुर

**प्रबंधक पर लगाया राशि लेने का आरोप**

ग्रामीणों ने सीधे प्रबंधक पर जबरन राशि लेने का आरोप लगाया है। अन्य ग्रामों से आए किसानों ने बताया कि समिति प्रबंधक द्वारा उन्हें केसीसी ऋण देने के नाम पर कई हजारों रुपये तक की अवैध वसूली की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि अगर कोई किसान पैसा नहीं देता, तो उसका ऋण लंबित रखा जाता है या जानबूझकर नाम सूची से हटा दिया जाता है। किसानों ने बताया कि समिति में पारदर्शिता का अभाव है, रिकॉर्ड संधारण में लापरवाही है और कई बार समिति कार्यालय निर्धारित समय पर खुलता ही नहीं। ग्रामीणों ने बताया कि समिति प्रबंधक विजय देवांगन द्वारा किसानों से अभद्रता व्यवहार करने के साथ अवैध वसूली की जाती है जिसका कई बार अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है।

# कस्तूरबा गांधी मोहल्ले सहित एनएच के राहगीर बंदर से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

एनएच 130 रजपुरी कला सहित कस्तूरबा गांधी मोहल्ले के लोग एक बंदर के आतंक से काफी परेशान थे। गत दिन बंदर ने मोहल्ले सहित एनएच किनारे दुकानों में न सिर्फ जमकर उत्पात मचाया बल्कि आधा दर्जन से अधिक लोगों को काट जख्मी कर दिया। इधर घटना की सूचना पर वन अमला की टीम शाम से ही बंदर को पकड़ने का प्रयास किया और देर रात उन्हें सफलता लगी जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

- आधा दर्जन से अधिक लोगों को काट किया जख्मी
- देर रात वन अमले ने पकड़ छोड़ा जंगल में

कस्तूरबा गांधी मोहल्ले में बीते कुछ दिनों से एक बंदर ने आतंक मचा मचाने के साथ लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया था। मोहल्ले वासियों के मुताबिक बंदर को किसी ने छोड़ कर चल दिया जिसके बाद से वह मोहल्ले सहित सड़क किनारे दुकान में जाकर उत्पात मचाने लगा। इस बीच बंदर ने करीब 6 से 7 लोगों को काट जख्मी कर दिया जिससे लोग भयभीत हो गए और मोहल्ले में डर का माहौल बन गया। बंदर ने न सिर्फ राह चलते लोगों को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि मोहल्ले में मौजूद जनरल स्टोर के मालिक समेत अन्य दुकानदारों पर भी हमला कर दिया। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग की टीम शाम 7.30 बजे मौके पर पहुंची। वन विभाग के कर्मचारी बंदर को पकड़ने के लिए प्रयास करने लगे। लेकिन कई घंटे बाद भी उन्हें सफलता नहीं मिल सकी है। विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि बंदर अत्यधिक फुर्तीला और आक्रामक था, जिससे उसे पकड़ने में कठिनाई हुई। हालांकि कई घंटे के प्रयास के बाद देर रात बंदर को पकड़ लिया गया। बंदर को पकड़ने में स्थानीय लोगों के अलावा वन विभाग के वनपाल अहिवरन पण्डो, डिप्टी रेंजर वैष्णव दास, वन रक्षक रमेश यादव, राजेंद्र कुजूर सहित अन्य सक्रिय रहे।



**लोगों ने ली राहत की सांस**

देर रात बंदर को पकड़ने के पश्चात वन अमले में उसे जंगल में छोड़ दिया। बंदर के पकड़े जाने पर क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। इस बीच बंदर ने गांव के ही बसंती केशरी, लिजा मानिकपुरी, प्रतिमा पैकरा, सुखराज पैकरा, भागीरथी प्रजापति सहित अन्य लोगों को काट कर जख्मी कर दिया। घायल लोगों को तत्काल लखनपुर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

**परिजन ने बच्चों को नहीं भेजा स्कूल**

कस्तूरबा गांधी मोहल्ले में बंदर के उत्पात मचाने तथा गांव के कई लोगों पर हमला कर जख्मी कर देने पर शुक्रवार को गांव के कई लोगों ने आतंक मचा रहे बंदर के डर से अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजा। मोहल्ले के दिगम्बर दास ने बताया कि हम अपने बच्चों को बाहर नहीं भेज पा रहे हैं। सुबह स्कूल जाना भी मुश्किल हो गया है। कुछ लोग तो घर से निकल ही नहीं रहे थे। आज सुबह जब पता चला की वन अमले की टीम ने बंदर को पकड़ लिया तो राहत की सांस ली।

**बंदर को जंगल में छोडा गया है**

गांव में बंदर द्वारा आतंक मचाने तथा कुछ लोगों को काट लेने की सूचना मिलते ही टीम भेजी गई थी। हमने कई बार प्रयास किया, लेकिन बंदर बहुत चालाक था और पकड़ में नहीं आ रहा था। देर रात बंदर को पकड़ कर पास के जंगल में छोड़ दिया गया है।

-कमलेश राय, रेंजर लखनपुर

# श्रावण मास पर समिति की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में शायर-ए-शहर यादव विकास की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह, जय गुप्ता और पं.चंद्रभूषण मिश्र मृगांक के आतिथ्य में काव्य गोष्ठी की।

गोष्ठी रामचरितमानस एवं सरगुजिहा रामायण के संक्षिप्त पाठ से प्रारम्भ हुई। सरस्वती वंदना आशा पाण्डेय ने प्रस्तुत की। विचारक ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि भगवान शिव ने समुद्र मंथन के समय कालकूट नामक भयानक विष की ज्वाला से जलते हुए देव-दानव की रक्षा के लिए उस विष को पी लिया। जगत को दुख देने वाले त्रिपुरासुर राक्षस को भी उन्होंने एक ही बाण से मार डाला। जन्म-मरणरूपी संसार के भय को दूर करने वाले, विपत्तयों का शमन करने वाले भगवान शंकर संपूर्ण लोकों के स्वामी है। वे काल के भी काल, अजर-अमर स्वयंभू देवता है। उन्होंने चंद्रमा को अपने ललाट पर धारण कर रखा है जिससे उन्हें शांति और शीतलता प्राप्त होती है। इसी प्रकार हमें भी जीवन में हर परिस्थिति में शांति बनाये रखना चाहिए तथा मन को काबू में रखना चाहिए। वरिष्ठ व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय ने श्रावण मास के महत्व के बारे में बताया।



काव्य गोष्ठी में शामिल नगर के साहित्यकार व कवी।

गोष्ठी में मुकुंदलाल साहू ने शिव की पूजा हो रही है, शिवमय है संसार, आशा पाण्डेय ने बारिश होती है जहां मिले खेत में नीर, रूबी सिद्धीकी ने क्यों न सुखों की हरियाली इस संसार में लाई जाए, जय गुप्ता ने रिमझिम बूंदों की बारिश अबके सावन में आई है, कृष्णकांत पाठक ने काश मैं भी बादल होता, अर्चना पाठक ने काले-काले मेघ घने, जयंत खानवलकर ने उमड़-घुमड़ कर आसमान पर काली बदली छाई है, प्रकाश कश्यप ने चला गोई जाई रोपा रोपे, देवेन्द्रनाथ दुबे ने आ गया आषाढ़ गांव-गांव में, अजय सागर ने सड़को पर पानी बहुत, गड्ढे है विकराल, चंद्रभूषण मिश्र ने मैं तुम्हारी प्रचंडता को कैसे भूलूं, रामलाल विश्वकर्मा ने आर्यावर्त की पुध्य धरा पर अवध में लाए थे राम, शायर-ए-शहर यादव विकास ने बंजारा दिल से प्यार किसी ने किया नहीं रचना सुनाई। आभार ज्ञापन आशा पाण्डेय ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, लीला यादव, सुब्रत मिश्रा, अनिल त्रिपाठी और मनीलाल गुप्ता उपस्थित थे।

# ग्राम संजयनगर की कथित पुनर्वास भूमि विवाद मामले में सरगुजा आयुक्त ने अपील की खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

वर्षों पुराने एक विवादित पुनर्वास भूमि प्रकरण में सरगुजा संभाग के आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने दिलीप दास राजस्व प्रकरण में निर्णय देते हुए सूरजपुर कलेक्टर के निर्णय को उचित ठहराते हुए अपील को खारिज कर दिया है। इसी भूमि के मामले में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराए जाने पर जयनगर थाना में लटोरी तहसीलदार द्वारा एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

- सूरजपुर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश को रखा गया यथावत, शासकीय मद में दर्ज होगी विवादित भूमि

गौरतलब है कि ग्राम महावीरपुर वर्तमान संजयनगर पंचायत की भूमि खसरा नंबर 417,418 और 420 कुल रकबा 7 एकड़ भूमि दिलीप दास के कथित रूप से उनके दादा कन्हाईलाल दास को पुनर्वास योजना के तहत आबंटित की गई थी। वर्ष 2024 में दिलीप दास ने यह दावा करते हुए राजस्व अभिलेख में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया कि यह भूमि उनके परिवार की है और वर्तमान में गलत तरीके से शासकीय मद में दर्ज है। इस मामले में पूर्व में गत 24 सितंबर 2024 को सूरजपुर एसडीएम ने दिलीप दास के पक्ष में आदेश पारित कर दिया और भूमि उनके नाम दर्ज करने का निर्देश दिया,लेकिन 31 दिसंबर 2024 को कलेक्टर सूरजपुर ने इस आदेश को निरस्त कर विवादित भूमि को पुनः शासकीय मद में दर्ज करने का आदेश जारी किया। इस आदेश को चुनौती देते हुए प्रार्थी दिलीप दास ने न्यायालय आयुक्त सरगुजा संभाग में अपील दायर की थी जिस पर आयुक्त ने अपील को खारिज करते हुए सूरजपुर कलेक्टर के आदेश को स्थिर रखने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि महादेव मित्रा द्वारा थाना जयनगर में आवेदन देकर आरोप लगाया गया था कि दो आरोपी धनंजय मंडल पिता विश्वनाथ मंडल निवासी रविन्द्रनगर और दिलीप दास पिता स्व.सुधीर दास निवासी पीवी-42, विद्यानगर पखांजूर ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे मृतक कन्हाईलाल दास व सुधीर दास का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराया है।जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि दोनों ही मृत्यु प्रमाण पत्र झूठे शपथ पत्रों और विरोधाभासी जानकारियों पर आधारित थे।शिकायतकर्ता के हवाले से लटोरी तहसीलदार ने पुलिस को लिखित रिपोर्ट में बताया कि दोनों आरोपियों ने अलग-अलग स्थान और दिनांक दर्शाते हुए मृतकों की मृत्यु से जुड़े दो अलग-अलग शपथ पत्र प्रस्तुत किए। एक तरफ सुधीर दास की मृत्यु 10 अगस्त 2001 को ग्राम संजयनगर में बताई गई, वहीं दूसरी ओर उनके पुत्र दिलीप दास द्वारा तहसील पखांजूर में प्रस्तुत शपथ पत्र में मृत्यु 10 मई 2001 और स्थान पीवी 42 दर्शाया गया है। उसी तरह कन्हाईलाल दास की मृत्यु कभी रविन्द्रनगर तो कभी संजयनगर में बताई गई है। इसमें ग्राम पंचायत संजयनगर की सरपंच श्रीमती सुमारी ने मृत्यु की पुष्टि करते हुए प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर किए थे, जबकि बाद में जांच के दौरान उन्होंने इस प्रमाण पत्र की जानकारी से इंकार कर दिया है।

लटोरी तहसीलदार ने अपने प्रतिवेदन में स्पष्ट रूप से तीन लोगों क्रमशः धनंजय मंडल,दिलीप दास और ग्राम पंचायत संजयनगर की सरपंच श्रीमती सुमारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की बात कही थी, लेकिन जयनगर पुलिस द्वारा आज तक मामले में संजयनगर पंचायत की सरपंच सुमारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।अब यह मामला आयुक्त सरगुजा संभाग द्वारा भी खारिज कर दिए जाने से पुनः गर्मा गया है।

# कांग्रेस ने किया ईडी के खिलाफ प्रदर्शन



**अंबिकापुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की उनके जन्मदिवस के दिन ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेशभर में प्रदर्शन का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन से घड़ी चौक तक रैली निकाली और ईडी का पुतला दहन किया।

पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर खींचतान हुई। इस दौरान कांग्रेस ने ईडी व भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी। कड़ी सुरक्षा के बीच कांग्रेस ने ईडी का पुतला दहन किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि ईडी की यह कारवाई अडानी के इशारे पर हुई है। सरकार ने उसके व्यापार को बचाने के लिए उसके ईशारे पर यह कार्रवाई की है लेकिन कांग्रेस सरकार के इस दमनात्मक कार्रवाई से न झुकेगी न ही रुकेगी। इस दमनकारी सरकार और इसके मुखिया के खिलाफ अब कांग्रेस अपने संघर्ष को और तेज करेगी। इस दौरान अजय अग्रवाल, डॉ. अजय तिर्की, जेपी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, राम विनय सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा, नुरूल अमीन सिद्दीकी, सत्येंद्र तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, इरफान सिद्धकी, संजय विश्वकर्मा, राशिद अहमद अंसारी, संजीव मंदिलवार, लालचंद यादव, सुधांशु गुप्ता, हरभजन भामरा, विनोद एक्का, अनूप मेहता, आशिष वर्मा, अशफाक अली, गुरुप्रीत सिद्धू, शंकर प्रजापति, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, आशीष जायसवाल, सुरेंद्र गुप्ता, अनिल सिंह कर्नल, नीतीश चौरसिया, प्रमोद चौधरी, अविनाश कुमार, मिथुन सिंह, परवेज आलम गांधी, श्रीमती हमीदा, शकीला सिद्धकी, उर्मिला विश्वास, मंजू सिंह, अनुराधा सिंह, साधना कश्यप, रजनी महंत, संगीता मिंज आदि उपस्थित थे।



**सूरजपुर।** ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल एवं उनके परिजन पर की गई कार्रवाई करने के विरोध में आज कांग्रेस ने ईडी का पुतला दहन किया। कांग्रेसजनों ने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से रैली निकाल कर अग्रसेन चौक में ईडी का पुतला दहन किया।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि ईडी के जरिए विपक्षी नेताओं पर बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है। ईडी द्वारा द्वेषपूर्ण कार्रवाई करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पहुंच उनके पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी की गई जिसके खिलाफ़ कांग्रेस आन्दोलन किया गया। विपक्ष के नेताओं के परिवार को भी टारगेट करने से बाज नहीं आ रही जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी इसी राजनीति का हिस्सा है। कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन करते हुए ईडी का पुतला दहन किया गया है। इस दौरान पूर्व विधायक पारस नाथ राजवाड़े, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, रमेश दनोदिया, कुसुमलता राजवाड़े, उषा सिंह, इस्माइल खान, संजय डोसी, जफर हैदर, मेंहदी यादव, प्रदीप राजवाड़े, प्रदीप साहू, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू, जाकेश राजवाड़े, राहुल जायसवाल, नरेन्द्र यादव, विमला सिंह, नवीन जायसवाल, महेन्द्र साहू, विद्यासागर सिंह, बिहारी कुलदीप, चंदन सिंह, विकास सिंह, गैबीनाथ साहू, बलराम शर्मा, अविनाश यादव, लक्ष्मण राजवाड़े, संदीप शर्मा, राजेश साहू, सैयद नदीम, मुस्तफा खान, रुद्र प्रताप सिंह, लिवनेश सिंह, चन्द्र दत्त दुबे, दीपक कर, मौसिम खान, अमित पैकरा, बंटी सिंह, कलकत्ता राजवाड़े, विक्की समददार, शकील हुसैन, पारस, तनवीर, सीता शर्मा, अखिलेश ठाकुर, विष्णु साहू, सुनीता खाखा, नुमान अली, बाबू खान, सुमित सोनी, प्रेम राजवाड़े एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे बंधे पांच गोवंशों को रौंदा, सभी की मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम गोंदा दुरती पारा में अनियंत्रित ट्रक ने मुख्य मार्ग पर बंधे पांच गो वंशों को रौंद दिया। दुर्घटना में सभी गो वंशों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाकारी ट्रक को जब्त कर लिया है। रोज की तरह गुरूवार को ग्राम गोंदा दुरतीपारा निवासी सत्यनारायण साव ने अपने पांच गोवंशों को अम्बिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग के किनारे बांधा था। इस दौरान चालक तेज रफ्तार से बनारस की ओर जा रहा था। ग्राम दुरती स्थित शासकीय मिडिल स्कूल के पास पहुंचते ही चालक ने नियंत्रण खो दिया तथा ट्रक तेज रफ्तार से सड़क किनारे बंधे गोवंशों को रौंदते हुए आगे मिली मिट्टी में फंस गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कुछ गोवंश दूर जा गिरे जबकि कुछ ट्रक के नीचे फंस गए। दुर्घटना में गंभीर सभी मवेशियों की मौत होने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया तथा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर प्रतापपुर पुलिस पहुंची तो ग्रामीणों ने चालक को सौंप दिया। पुलिस ने दुर्घटनाकारी ट्रक को जब्त कर लिया है।

### महुली में मनाया गया संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव

**बिहारपुर।** शासकीय हाई स्कूल महुली में शुक्रवार को संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव मनाया गया। उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा करा प्रवेश दिलाया गया व पुस्तक वितरण किया गया। इस दौरान एसएनसी अध्यक्ष बैकुंठ प्रसाद जायसवाल, गोपाल दास साय, उप सरपंच पहलवान खैरवार, वन समिति अध्यक्ष बबन सिंह, रामकुमार जायसवाल, बृजेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व शिक्षक उपस्थित थे।



तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

डॉ. अमित जैन
MS, MCH (Neuro Surgery)
मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ
+ सिर की चोट (हेड इंजरी), स्पॉन्डिलाइटिस
+ ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज, चेहरे पर तिव्र दर्द, लकवा, मिर्गी
+ बच्चों के सिर का बड़ा होना/पानी भरना।

डॉ. रितेश रंजन
MBBS, MS, MCH (Mumbai)
Neonatal & Pediatric Surgeon
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
+ पीडियाट्रिक सर्जरी, नवजात शिशु की सर्जरी।
+ बच्चों के पेट एवं छाती के ऑपरेशन, हर्षप्रंग डिजीज।
+ गोटी, मलद्वारा इत्यादि के ऑपरेशन।

डॉ. गौरी शंकर सिंह
MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU
मानसिक रोग के लक्षण
+ चिंता विकार - घबराहट, बेचैनी, टेंशन, अनिद्रा।
+ तनाव सरदर्द - सर में भारीपन माइग्रेन, नकारात्मक विचार।
+ मिर्गी - झटके के साथ बेहोशी, शरीर में ऐंठान।

डॉ. करण सराफ
MBBS, MD (Medicine) DM (Nephrology) Gold Medalist Consultant Nephrologist & Treatment Physician
किडनी रोग विशेषज्ञ
• इन्फेक्शन और जहर, शुगर, बी.पी. व अन्य।
• किसी भी वजह से खराब किडनी का इलाज।
• चेहरे व पूरे शरीर में सूजन, डाइबिटिक किडनी।
• पेशाब का रंग लाल होना।

डॉ. स्नेहिल गोस्वामी
DNB Cardiology
हृदय रोग विशेषज्ञ
+ चिंता विकार - घबराहट, बेचैनी, टेंशन, अनिद्रा।
+ सांस की तकलीफ, अत्यधिक थकान।
+ छाती में जकड़न,चक्कर आना।

तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर
सरगुजा संभाग का सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 TESLA MRI

20 जुलाई 2025 माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### सचिव पर राशि गबन का आरोप संभागायुक्त व कलेक्टर से शिकायत

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत धूमाडांड़ में 15वें वित्त आयोग योजना के तहत ग्राम पंचायत सचिव द्वारा वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक शासन की विभिन्न योजनाओं के नाम पर बिना कार्य किए लाखों रुपये का गबन करने की शिकायत गांव के ही एक ग्रामीण ने संभागायुक्त एवं कलेक्टर से की है। साथ ही मामले में की जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। संभागायुक्त एवं कलेक्टर से की गई शिकायत में चंद्रिका ने बताया है कि पंचायत में नाली, सीसी रोड, सामुदायिक भवन, पेयजल सुविधा आदि के नाम पर भुगतान तो कर दिए गए, लेकिन स्थल पर कोई कार्य नहीं किया गया है। हैरानी की बात यह है कि पंचायत खाते से सीधे सचिव के निजी खातों और कुछ संदिग्ध खातों में फंड ट्रांसफर किए गए हैं। शिकायतकर्ता चंद्रिका ने आरोप लगाया है कि सचिव द्वारा ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित नहीं कराए गए, बल्कि फर्जी प्रस्ताव तैयार कर पंचों की सहमति दिखाने के लिए फर्जी हस्ताक्षर, यहां तक कि मृत व्यक्तियों के नामों का भी उपयोग किया गया है। शिकायतकर्ता चंद्रिका द्वारा संभागायुक्त एवं कलेक्टर से शिकायत कर मामले की जांच कराने तथा दोषी सचिव के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग है।

### सोलर ड्यूल पंप 4 महीने से खराब पानी के लिए भटक रहे स्कूलों के बच्चे



**बिहारपुर।** दूरस्थ चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत महूली के स्कूल पारा में क्रेडा एवं पीएचई विभाग द्वारा 8 साल पूर्व सोलर ड्यूल पंप लगाया गया था। जो पिछले 4 महीनों से खराब पड़ा है। ग्रामीणों ने कई बार क्रेडा एवं पीएचई के अधिकारियों से इसकी शिकायत कर पंप सुधरवाने की मांग की लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हो सकी है। सोलर पंप अप्रैल महीने से खराब पड़ा है। इसी पंप से ग्राम पंचायत कार्यालय, पटवारी आवास, उपस्वास्थ्य केंद्र, पीएमश्री स्कूल, माध्यमिक शाला आंगनबाड़ी केंद्र के लोग पानी पीते है। ग्रामीणों ने बताया कि दो महीने पूर्व ही क्रेडा के ब्लॉक अधिकारी ने पंप को बनवाने के नाम पर निकाल ले गए है लेकिन अभी तक पंप नहीं बन सका जिससे छात्र-छात्राओं, मरीजों सहित अन्य लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में क्रेडा के जिला अधिकारी रंजीत यादव ने बताया कि मरम्मत कार्य के लिए हमारे पास कोई फंड नहीं है। पंप के देखरेख की जिम्मेदारी 5 सालों तक थी। इसके बाद पंचायत एवं पीएचई विभाग देखरेख करता है।

### प्राथमिक वनोजप सहकारी समिति में चरण पादुका वितरण



**बिहारपुर।** वन मण्डलाधिकारी एवं जिला यूनियन के प्रबंध संचालक के निर्देशन में वनोपज सहकारी समिति महुली में तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार की महिला सदस्यों को चरण पादुका प्रदान किया गया। समिति के अध्यक्ष बबन सिंह, सरपंच रनसाय सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष मदनलाल जायसवाल ने संग्राहक महिलाओं को चरण पादुका प्रदान किया। इस दौरान रामस्वबर बैस, अनंद सिंह, विजेंद्र साहू, चैनमति भरतलाल जायसवाल, प्रबंधक रीता जायसवाल, फड़मुंशी तेंदुपत्ता संग्राहक वन कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### रजत जयंती वर्ष के आयोजन के संबंध में विभागीय तैयारियों हेतु कलेक्टर ने ली बैठक

**सूरजपुर।** वर्ष 2025 -26 छत्तीसगढ़ राज्य के लिए ऐतिहासिक अवसर है, यह वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। रजत जयंती वर्ष 2025-26 के आयोजन के संबंध में विभागीय तैयारियों हेतु आज एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। सभी विभागों द्वारा रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिला, विकासखंड, ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। बैठक में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा, टाईमलाइन एवं कार्यक्रमों में प्रतिभागी, हितग्राहियों की अनुमानित संख्या समेत विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग रजत जयंती वर्ष के आयोजनों को स्थानीय त्यौहार एवं विशेष अवसरों से जोड़ते हुए विभागीय कार्ययोजना बनाएं। बैठक में डीएफओ पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक आज

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में आज छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन, मनोचिकित्सक डॉ.गौरी शंकर सिंह, वरिष्ठ बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ.रितेश रंजन, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.करण सराफ, ह्दय रोग विशेषज्ञ डॉ.स्नेहिल गोस्वामी संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा, अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



## पति, सास, ससुर ने क्रूरता को दिया अंजाम

# महिला को पानी में डूबा-डूबाकर मारा गर्म चिमटे से शरीर, चेहरे को जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ त्रिकुंडा का मामला

महिला के साथ क्रूरता की सारी हदें पार करने का मामला सामने आया है। हैवान बने पति, सास ससुर ने मिलकर महिला को पानी में डूबा डुबाकर मारा और उससे भी उनका दिल नहीं भरा तो उसके हाथ पैर को रस्सी से बांधकर गर्म चिमटे से उसके चेहरे, पीठ व शरीर के अन्य हिस्सों को जला दिया। वहीं आरोपियों ने महिला को 9 दिनों तक कमरे में बंद करके रखा गया। जब महिला को होश आया तो उसने अपनी बेटी की मदद से खुद को आजाद कराया और परिजन को इस मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच उपरान्त महिला से क्रूरता करने वाले पति, सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थान अतंर्गत ग्राम शारदापुर निवासी रितु तिवारी पति आकाश तिवारी ने 18 जुलाई को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति सास व ससुर द्वारा हाथ पैर बांधकर मारपीट की गई और गर्म चिमटे से जलाया गया। पुलिस के अनुसार 27 वर्षीया रितु तिवारी का विवाह वर्ष 2016 में शारदापुर निवासी आकाश तिवारी से समाजिक रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद उनकी दो संतान है लेकिन शादी के बाद पति आकाश तिवारी, ससुर हरिशंकर तिवारी व सास तारबती द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ति किया जाता था। ऐसे में महिला ने पूर्व में रघुनाथनगर थाने में मामले की शिकायत की थी लेकिन शिकायत के बाद आरोपियों ने कार्रवाई से बचने के लिए महिला को बहला फुसलाकर समझौता कर दिया और उसे आश्वासन दिया कि अब वे उसे परेशान नहीं करेंगे। आरोपियों की बात में आकर महिला अपने ससुराल वापस चली गई। इसी दौरान महिला को यह जानकारी मिली कि उसके पति आकाश तिवारी ने अंबिकापुर में एक अन्य महिला श्रद्धा मिश्र को पत्नी बनाकर रखा है और और उनकी डेढ़ साल की बच्ची भी है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पुलिस ने किया गिरफ्तार

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी बाजीलाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच की गई। चिकित्सकीय परीक्षण में महिला को गंभीर चोट आने की पुष्टि हुई है। ऐसे में पुलिस ने शारदापुर निवासी 30 वर्षीय आकाश तिवारी आ. हरिशंकर तिवारी, 75 वर्षीय हरिशंकर तिवारी आ. वंसुधारी तिवारी व 65 वर्षीया तारावती पति हरिशंकर तिवारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 3 जुलाई को जब आरोपी आकाश तिवारी घर पहुंचा तो पत्नी मोबाइल पर बात कर रही थी। ऐसे में चरित्र शंका पर उसने महिला के साथ मारपीट की। आरोपियों ने महिला को बांधकर मारने, गर्म चिमटे से जलाने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 118(1), 127(3), 287, 85,82(1), 3(5), 118(2) के तहत गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त गैस चूल्हा, गैस सिलेंडर, लोहे का चिमटा, रस्सी, गमछा जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी व्यास नारायण चुरेंद्र, उनि जवाहर तिर्की, सउनि गोपाल राम, प्रधान आरक्षक विजय टोप्पो, आरक्षक लखेश्वर बघेल, विनोद आयाम, बबलू बेक, नरेन्द्र कश्यप, महिला आरक्षक समुद्री यादव सक्रिय रहे।

### 9 दिनों तक दी यातना

महिला का आरोप है कि 3 जुलाई की रात 11 बजे दूसरी महिला को लेकर विवाद व पूर्व में की गई शिकायत को लेकर जान से मारने की धमकी देकर सास, ससुर और पति ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। तीनों ने मिलकर महिला को पानी में डुबा डुबा कर लात मुक्के से मारा। वहीं पति ने उसकी डंडे से बेदम पिटाई की। वहीं आरोपियों ने महिला के हाथ पैर को गमछे और रासी से बांध दिया और फिर गैस चूल्हे में चिमट गर्म कर महिला के चेहरे, पीठ व शरीर के अन्य हिस्सों को जला दिया। इस दौरान 3 से 12 जुलाई तक आरोपियों ने महिला को कमरे में बंद रखा। 12 जुलाई को महिला को होश आया तो तो उसने अपनी बेटी से मदद मांगकर रस्सी खोलकर आजाद हुई और परिजन को मामले की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने के बाद महिला के पिता अलोपी पाण्डेय, मां लीलावती व भाई अभिषेक मौके पर पहुंचे जिसके बाद वे उसे अपने घर रघुनाथनगर ले गए। महिला का प्राथमिक उपचार कराने के बाद उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की। महिला का कहना है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है।

## सतपता पंचायत में एक ही समुदाय के दो गुट आपस में भिड़े,काउंटर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

■ पंचायत क्षेत्र अंतर्गत निर्माण कार्य के एस्टीमेट बनाने को लेकर हुआ विवाद

■ बिश्रामपुर थाना समेत जयनगर थाना से भी बुलाया गया अतिरिक्त पुलिस बल

सूरजपुर जनपद के सतपता ग्राम पंचायत में अपने वर्चस्व जमाने को लेकर एक ही समुदाय के दो गुट आमने सामने हो गये, तीखी नोक झोंक के बाद हुए गाली गलौज के बाद मामला आपसी मारपीट तक जा पहुंचा और दोनों पक्षों में जमकर लात घूँसे व लाठी डंडे चले,इसके कुछ देर बाद पुनः मुस्लिम मोहल्ला में दोनों गुट के सदस्य लाठी डंडा, टांगी, ट्रैक्टर लेकर मारपीट पर उतारू होकर आमने सामने हो गये,इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों क्री सजगता से बीच बचाव होने के बाद बड़ा झगड़ा टल गया,विवाद के बाद दोनों पक्ष ने बिश्रामपुर थाना पहुंचकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है जिसके बाद पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों क्री रिपोर्ट पर काउंटर अपराध दर्ज कर लिया है।इस दौरान पंचायत भवन और बिश्रामपुर थाना में एक घंटे तक गहमा गहमी की स्थिति बनी रही।थाना में बढ़ती भीड़ को कंट्रोल करने जयनगर थाना से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया, प्रशासन ने फिलहाल मामले पर नजर बनाई हुई है,पुलिस में दर्ज शिकायत में सतपता ग्राम पंचायत के उपसरपंच पति विनय यादव गुड्डू पिता चंदर यादव ने उल्लेख किया है कि दिनांक 18 जुलाई को दोपहर ढाई बजे के करीब पंचायत प्रतिनिधियों की सतपता पंचायत में बैठक बुलाई गई थी जिसमें वे उपसरपंच पति की हैसियत से बैठक में शामिल होने गया था, लेकिन बैठक स्थगित हो जाने के बाद जब पंचायत भवन स्थित दूसरे कक्ष में प्रार्थी विनय गया तो अन्य जनप्रतिनिधि आपस में बात कर रहे थे।इसी दौरान पूर्व उपसरपंच सतपता निवासी दुर्गा यादव और उसका लड़का अंशु यादव पंचायत में घुसकर प्रार्थी को देखकर अचानक गाली गलौज करने लगे,विरोध करने पर दोनों पिता पुत्र ने प्रार्थी विनय को हाथ मुक्के से मारपीट कर दी जिससे उन्हें शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई है,वहीं विरोधी पक्ष से पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव ने भी विनय यादव,चंदर यादव, दीनू यादव के खिलाफ पंचायत में बैठक के दौरान मारपीट किए जाने का काउंटर अपराध दर्ज कराया है।प्राप्त जानकारी अनुसार पूरा मामला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत नाली निर्माण और उसके पैसे के आहरण के लिए एस्टीमेट बनाने दौरान आपस में विवाद होना बताया जा रहा है।पंचायत भवन में हुए विवाद के दौरान दोनों पक्षों के आपस में विवाद के दौरान जमकर हुई गाली गलौज और हाथापाई हुई, ऐसे में वहां पर उपस्थित महिला सदस्य कुछ समय के लिए असहज हो गये, पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत काउंटर अपराध दर्ज किया है।

### एक माह पूर्व ही आरोपी के छोटे पुत्र के विरुद्ध दर्ज हुआ है अपराध

सतपता निवासी पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव के छोटे पुत्र आदर्श यादव ऊर्फ बाबू व अन्य के विरुद्ध बिश्रामपुर थाना में हाल ही में एक माह पूर्व मारपीट क्री विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है जिसमें न्यायालय में चालान भी प्रस्तुत कर दिया गया है, अब लगभग एक माह बीतने पश्चात इसके पिता सतपता गांव के पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव व बड़े भाई अंशु यादव के विरुद्ध भी बिश्रामपुर थाना में आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है,पुलिस मामले क्री जांच कर रही है।

### विधायक के प्रयासों से डामरीकरण सड़क निर्माण के लिए मिले तेरह करोड़ रुपए की सौगात

**अम्बिकापुर।** विकासखंड प्रेमनगर के ग्राम पंचायत जयपुर से पर्वतीपुर तक 3.50 किलोमीटर एवं ग्राम पंचायत टाकर से डूमर भावना होते हुए उमेश्वरपुर चौक तक 10.34 किलोमीटर के लिए तेरह करोड़ अडतालीस लाख पच्चीस हजार रुपए की डामरीकरण सड़क निर्माण का क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के प्रयासों से प्रशासकीय स्वीकृति मिला है। आपको बतादें की जयपुर से पार्वतीपुर तक जो सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है यह एक बारहमासी सड़क के रूप में उपयोगी है। सड़क के जर्जर हो जाने से बरसात के दिनों में आवागमन करने में राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विधायक भूलन सिंह मरावी के प्रयास से अब राहगीरों को राहत मिलेगी। ग्राम पंचायत टाकर से डूमर भावना होते हुए उमेश्वरपुर चौक तक की सड़क बहुत ही उपयोगी सड़क है और लोगों को आवागमन में काफी समस्या होती थी। सड़क निर्माण हो जाने से लोगों को सुविधा उपलब्ध होगी। क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा है कि क्षेत्र की जनता का सेवा करना हमारी जिम्मेदारी है।



### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम बगडोली कठपारा निवासी विफल राम आ. लोसी राम (37 वर्ष) 15 जुलाई को पति के कहने पर पत्नी मुर्गो बाई मायके तेलाईकछार पुटूकेला रोपा लगाने चली। इसी बीच गत दिन विफल राम ने नशे की हालत में कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## एसईसीएल गायत्री खदान में डीजल चोरों का आतंक

■ एक ही रात में आधा दर्जन से अधिक ट्रकों से बड़ी मात्रा में डीजल क्री हुई चोरी

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के गायत्री खदान में डीजल चोरों का आतंक दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है,खदान परिसर में खड़े ट्रकों से लगातार हो रही डीजल चोरी की घटना से एक तरफ जहां ट्रक मालिकों भारी नुकसान पहुंच रहा है तो वहीं दूसरी तरफ खदान के सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है, प्राप्त जानकारी अनुसार रोजाना की तरह शुक्रवार क़ी बीती रात गायत्री खदान की गेट के भीतर खदान परिसर में खड़े लगभग 8 से ज्यादा ट्रकों के डीजल टैंक का ताला तोड़कर कई हजार लीटर डीजल चोरों ने पार कर दिया है, ट्रक चालकों के मुताबिक रात में वे सभी अपने अपने वाहनों के केबिन में सो रहे थे,सुबह जब उठकर देखा तो पता चला कि टैंक का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने डीजल क्री चोरी कर ली है, बताया गया कि पिछले कई दिनों से इस तरह की घटनाएं खदान परिसर में हो रही है, लेकिन अभी तक खदान की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाई है,ऐसे में कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे निजी ट्रकों से बड़ी मात्रा में डीजल चोरी की घटना होने की वजह से वाहन मालिकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।



### पार्किंग के नाम से कट रही सौ रुपये की पर्ची, नहीं मिल पा रही सुरक्षा

बताया गया कि खदान के मुख्य द्वार के पास पार्किंग के नाम पर कुछ लोगों के द्वारा 100 रुपये प्रति ट्रक के हिसाब से पार्किंग शुल्क लेकर पर्ची काटी जा रही है लेकिन ट्रकों को किसी भी प्रकार की सुरक्षा नहीं मिल पा रही,प्राप्त जानकारी अनुसार पार्किंग के लिए इस्तेमाल की जाने वाली भूमि वन विकास निगम की है और धीरे-धीरे उक्त जमीन के बड़े भूखंड को पार्किंग स्थल बनाने के लिए मैदान का रूप दिया गया है।

### पेड़ों की अवैध कटाई की खबर चलाने से नाराज ठेकेदार ने पत्रकार को दी गोली मार देने की धमकी, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के कोयला खान क्षेत्र में कम्पनी प्रबन्धन की कथित सांठगांठ से यूकेलिप्टस पेड़ो की अवैध कटाई कर बड़े पैमाने पर हो रही लकड़ी तस्करी को लेकर खबर चलाये जाने पर पत्रकार के साथ अभद्रता कर गोली मार देने की धमकी का मामला प्रकाश में आया है।दरअसल पेड़ों की अवैध कटाई व तस्करी होने को लेकर स्थानीय इलेक्ट्रॉनिक चैनल के पत्रकार बिश्रामपुर निवासी सुशील सिंह चुन्ना ने कुछ दिनों पूर्व अपने चैनल में खबर चलाई थी, इस बात से नाराज होकर शिवनन्दनपुर के शांतिनगर निवासी ठेकेदार श्रवण गिरी द्वारा उक्त इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार का रास्ता रोककर गाली गलौज करते हुए गोली मार देने की धमकी दी है,जिस पर रिपोर्ट पश्चात बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपित ठेकेदार के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। प्रार्थी पत्रकार सुशील सिंह चुन्ना ने बिश्रामपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बुधवार को पत्रकारिता के कार्य से मेन मार्केट की तरफ जा रहा था,इस दौरान शांतिनगर शिवनन्दनपुर निवासी ठेकेदार श्रवण गिरी ने गौरीशंकर मंदिर के समीप रास्ता रोककर यूकेलिप्टस पेड़ो की अवैध कटाई व तस्करी होने को लेकर टीवी चैनल में खबर चलाने को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की एवं गाली गलौज कर अभद्रता करते हुए गोली मार देने की धमकी दी,साथ ही आदिवासी से झूठा केस में फंसा देने की धमकी भी दी।प्रार्थी सुशील सिंह की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपित ठेकेदार श्रवण गिरी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296 (बी), 351 (2), 126 (2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जाँच में लिया है।

## जर्जर सड़क से नाराज लोगों ने सिलफिली में किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

■ एनएच 43 में हुए बड़े गड्ढों पर आवागमन हुआ मुश्किल, शीघ्र मरम्मत क्री हुई मांग,आश्वासन पर आंदोलन हुआ समाप्त

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर जयनगर से संभाग मुख्यालय अंबिकापुर की सरहद अजबनगर तक सड़क की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है।सड़क की बदहाली को लेकर पिछले दिनों जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप मरम्मत कार्य की मांग की गई थी। बावजूद इसके कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर शनिवार को तय कार्यक्रम के तहत कांग्रेसियों ने स्थानीय लोगों के साथ ग्राम सिलफिली स्थित बैंक के सामने एनएच 43 पर चक्काजाम कर दिया।

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 की बदहाली से राहगीरों व आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एनएच सड़क इस कदर बदहाल हो गई है कि यहां पर जयनगर से अजबनगर तक सड़क पर जगह जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। सड़क के गड्ढों की वजह से रोजाना छोटी बड़ी दुर्घटनाए हो रही हैं। ऐसी स्थिति में सड़क की बदहाली पर मरम्मत कार्य कराए जाने की मांग को लेकर पिछले दिनों जिला पंचायत सदस्य ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था,जिस पर प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से नाराज कांग्रेसियों ने स्थानीय लोगो के साथ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को करीब आधे घंटे तक एनएच 43 पर सिलफिली ग्रामीण बैंक के सामने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। चक्काजाम में पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गोवर्धन सिंह, राजू सिंह भी ग्रामीणों के साथ मौजूद थे। चक्काजाम के बाद केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री के नाम एनएच विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में सड़क की बदहाली पर तत्काल मरम्मत कार्य या नए सड़क निर्माण की स्वीकृति दिए जाने की मांग की गई, गौरतलब है कि सिलफिली अंचल जो सूरजपुर जिले का कृषि हृदय क्षेत्र माना जाता है, यहां की सैकड़ों एकड़ भूमि पर सब्जी, धान, फल और मक्का की उन्नत खेती होती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच 43 को केंद्र सरकार ने रणनीतिक और व्यावसायिक दृष्टि से बेहद अहम माना है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अजबनगर से जयनगर तक अब तो हालात इतने बिगड़ गए हैं कि भारी वाहन सड़क पर फंस जाते हैं, एन एच चक्काजाम होने की वजह से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। इस दौरान सत्यनारायण सिंह, अरविंद सिंह, रूपदेव कुशवाहा, विष्णु विश्वास, सुशील शाहा, अजय विश्वास, सुकुमार मंडल, नीरज सिंह, संतोष सिंह बंटी, भावना नेताम, शाहरुख, दिलीप शाहा, विक्की समद्दार, पीयूष कुशवाहा, रतन माली, सुजीत वैद्य, नितेश राय, राजू बाला, प्रकाश बढ़ई, कपिल बाईन, संजय मंडल, तपन माली व अन्य उपस्थित थे। प्रशासन की ओर से लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा,एसडीओपी अभिषेक पैकरा, जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल एक्का, यातायात प्रभारी बृजेश पांडेय, एनएच विभाग से रितेश सिंह व अन्य उपस्थित थे।

### जर्जर सड़क पर धान रोपा लगाकर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**रामानुजगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग की जर्जर हालत को लेकर दिन प्रतिदिन लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आज किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विकास दुबे के नेतृत्व में जर्जर सड़क के प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप बीच सड़क पर धान रोपा लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया एवं जल्द सड़क मरम्मत कराने की मांग की गई। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विकास दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय राज्य मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है जिससे लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बावजूद इसके राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी सड़क के गड्ढों को भरने में ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन बड़े गड्ढों को कुछ घंटे में भरवा देना चाहिए वह महीना बाद भी नहीं भर पा रहे हैं जिससे प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है और जाम लग रहा है इसके बाद भी राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। सड़क पर अनगिनत गड्ढे हो गए हैं। आज हम लोगों के द्वारा प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप राष्ट्रीय राज्य मार्ग में धान का रोपा लगाया। इस दौरान सुनील कन्हरे, कार्तिक माझी, ज्वाला गुप्ता, संजय रवानी, नरेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

